हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 14 अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

आज डॉ भीम राव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मनाई जा रही है करनाल में केंद्रीय शहरी एवं आवास मंत्री मनोहर लाल ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

उन्होंने देशवासियों को बैसाखी पर्व की बधाई भी दी।मीडिया से बातचीत करते हुए श्री मनोहर लाल ने बाबा साहेब की परिकल्पना के अनुसार सभी को शिक्षित होने की अपील की।

आज डॉ भीम राव आंबेडकर की जयंती पर पंचकूला के यवनिका गार्डन में समता दौड़ का आयोजन किया गया।हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया।मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा-

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन में शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार माना।उन्होंने सभी से उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलने की अपील की।इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बड़खल विधानसभा क्षेत्र में भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर आयोजित “स्वच्छता एवं दीपोत्सव अभियान - 2026” में सहभागिता की। इस अवसर पर हार्डवेयर चौक स्थित बाबा साहब की प्रतिमा की सफाई कर माल्यार्पण किया गया तथा दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांसुमन अर्पित किए गए।

वहीं बल्लभगढ़ के अंबेडकर चौक पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पंडित मूलचंद शर्मा ने बाबा साहब को माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

सर्वोच्च न्यायालय ने कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी निर्धारण से संबंधित एक याचिका पर केंद्र और अन्य अधिकारियों से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने केंद्र सरकार, विदेश व्यापार महानिदेशालय तथा कृषि लागत और मूल्य आयोग को नोटिस जारी किया है।

पंचकूला नगर निगम के प्रमुख जनगणना अधिकारी सह आयुक्त विनय कुमार ने कहा कि हरियाणा में 2027 की जनगणना का कार्य प्रारंभ हो चुका है। नगर निगम क्षेत्र में जनगणना से संबंधित सभी तैयारियाँ सुचारु रूप से प्रगति पर हैं।उन्होंने सभी से वेबसाइट पर जा कर स्व गणना में भाग लेने की अपील की और खा कि यह देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी।

इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कहा कि इनेलो पार्टी इस बिल का स्वागत करती है। जिसके माध्यम से महिलाओं को विधानसभा व लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। भिवानी मे पत्रकारों से बातचीत मे उन्होंने कहा कि चौ. ओमप्रकाश चौटाला के समय से ही उनकी पार्टी महिलाओं को लोकसभा तथा विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण के हक में रही है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम ऐतिहासिक और महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार का क्रांतिकारी कदम है इससे देश की आधी आबादी को पूरा हक मिलेगा। करनाल मे मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इससे लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, जो विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करेगा और नीति निर्माण में महिलाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करेगा।

डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे लोकतंत्र अधिक समावेशी और संतुलित होगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति को सशक्त बनाने का जो संकल्प लिया था, उसे इस अधिनियम के माध्यम से धरातल पर उतार दिया है।

पलवल के उपायुक्त हरीश कुमार वशिष्ठ ने हरियाणा हाउसिंग फॉर ऑल व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना द्वितीय के तीसरे चरण में जिले की पांच ग्राम पंचायतों रसूलपुर, घासेड़ा, मलाई, मानपुर और पावसर के 216 लाभार्थियों को प्लाटों का आवंटन किया। इस योजना में सामाजिक समावेश को प्राथमिकता देते हुए घुमंतू जाति, विधवा तथा अनुसूचित जाति के आवेदकों को विशेष प्राथमिकता दी गई।